सांस्कृतिक क्रियाकलाप प्रतियोगिता की श्रृंखला के अंतर्गत " समृद्ध भारत सशक्त भारत" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

दिनाँक 10 दिसंबर -2022 को जनता कॉलेज बकेवर, इटावा मे सांस्कृतिक क्रियाकलाप प्रतियोगिता की श्रृंखला के अंतर्गत "समृद्ध भारत, सशक्त भारत" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के संगोष्ठी सभागार मे किया गया जिसमे छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के संरक्षण मे संपन्न हुयी। भाषण प्रतियोगिता मे सम्मलित हुए प्रतिभागियों का मूल्यांकन निर्णायक मण्डल के सदस्य डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय, डॉ. एस. के . विश्वकर्मा और डॉ. ज्योति भदौरिया द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता मे बी.एससी. कंप्यूटर एप्लीकेशन की छात्रा महक बानो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा आकांक्षा शर्मा (एम. कॉम. प्रथम सेमेस्टर) और तनु दुबे (बी.एससी. कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रथम सेमेस्टर) संयुक्त रूप से द्वतीय स्थान पर रही। एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र हर्ष शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में उपस्थित प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति का अवलोकन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्र जीवन का अहम हिस्सा होती हैं, इनके द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने प्रतियोगिता संयोजक मंडल के डॉ योगेश शुक्ला , डॉ संतोष चंदेल , श्री अजय कुमार शर्मा के संयोजन की प्रशंसा की। प्रतियोगिता का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ दिव्य ज्योति मिश्र ने किया । प्रतियोगिता में डॉ प्रकाश दुबे, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ. आनंद सिंह, श्री गोपी नाथ मौर्या,श्री अश्वनी मिश्रा आदि की उपस्थिति एवं सहयोग रहा ।

प्रतियोगिता मे बी.एससी. कंप्यूटर एप्लीकेशन की छात्रा महक बानो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा आकांक्षा शर्मा (एम. कॉम. प्रथम सेमेस्टर) और तनु दुबे (बी.एससी. कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रथम सेमेस्टर) संयुक्त रूप से द्वतीय स्थान पर रही। एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र हर्ष शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।